भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4114**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**राजमार्गों के माध्यम से आर्थिक विकास**

4114. श्री बिभु प्रसाद तराई:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत राजमार्ग परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है और उनकी कुल लंबाई कितनी है;

(ख) इन परियोजनाओं के कारण कनेक्टिविटी से जुड़े आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ेगा; और

(ग) प्रत्येक उत्तर-पूर्वी राज्य में चल रही राजमार्ग परियोजनाओं में राज्यवार कितनी प्रगति हुई है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत/सौंपी गई राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं सहित विभिन्न सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की लंबाई (किमी) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(ख) इन परियोजनाओं के पूरा होने से संपर्कता (कनेक्टिविटी), गतिशीलता, सुरक्षा में सुधार होगा तथा यात्रा की दूरी कम होने, वाहन परिचालन लागत में कमी आने, कॉरिडोर की गति में तेजी आने, भीड़भाड़ वाले स्थानों को समाप्त करने आदि के कारण सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायता मिलेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों के निकट की परियोजनाएं विशेष स्थानों तक संपर्कता को भी बढ़ावा देंगी।

(ग) समाप्ति/समय से पूर्व बंद करने के लिए विचाराधीन परियोजनाओं को छोड़कर, पूर्वोत्तर राज्यों में निर्माणाधीन (नियत/प्रारंभ हो चुकी) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाएं, जिन्होंने परियोजना पूर्ण होने के विभिन्न चरणों में से किसी को भी प्राप्त नहीं किया है समेत विभिन्न सड़क अवसंरचना परियोजनाओं के पूरा होने के चरणों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में संलग्न है।

**अनुबंध-I**

**“राजमार्गों के माध्यम से आर्थिक विकास” के संबंध में श्री बिभु प्रसाद तराई द्वारा पूछे गए दिनांक 19-12-2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4114 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

विगत पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत/सौंपी गई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं सहित सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की विभिन्न सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लंबाई (किमी):

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 से 2023-24 के दौरान स्वीकृत/सौंपी गई लंबाई (किमी) |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3475 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 679 |
| 3 | असम | 1628 |
| 4 | बिहार | 2621 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1212 |
| 6 | गोवा | 176 |
| 7 | गुजरात | 2085 |
| 8 | हरियाणा | 1106 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 942 |
| 10 | झारखंड | 1763 |
| 11 | कर्नाटक | 2802 |
| 12 | केरल | 1133 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 3861 |
| 14 | महाराष्ट्र | 6402 |
| 15 | मणिपुर | 1108 |
| 16 | मेघालय | 525 |
| 17 | मिजोरम | 681 |
| 18 | नागालैंड | 982 |
| 19 | ओडिशा | 1636 |
| 20 | पंजाब | 2031 |
| 21 | राजस्थान | 3345 |
| 22 | सिक्किम | 250 |
| 23 | तमिलनाडु | 2206 |
| 24 | तेलंगाना | 1930 |
| 25 | त्रिपुरा | 603 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 4687 |
| 27 | उत्तराखंड | 1440 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 875 |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | 1417 |

**अनुबंध-II**

**"राजमार्गों के माध्यम से आर्थिक विकास" के संबंध में श्री बिभु प्रसाद तराई द्वारा पूछे गए दिनांक 19-12-2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4114 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

पूर्वोत्तर राज्यों में निर्माणाधीन (नियत/प्रारंभ हो चुकी) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाएं, जिन्होंने परियोजना पूर्ण होने के विभिन्न चरणों में से किसी को भी प्राप्त नहीं किया है समेत विभिन्न सड़क अवसंरचना परियोजनाओं के पूरा होने के चरणों का राज्य-वार ब्यौरा और इनमें समाप्ति/समय से पूर्व बंद करने के लिए विचाराधीन परियोजनाएं शामिल नहीं हैं:

(सभी लंबाई किमी में)

| क्र.सं. | राज्य | वित्त.वर्ष.'25 | | वित्त.वर्ष.'26 | | वित्त.वर्ष.'27 | | वित्त.वर्ष.'27 से आगे | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सं. | लंबाई | सं. | लंबाई | सं. | लंबाई | सं. | लंबाई | सं. | लंबाई |
| 1 | असम | 19 | 253 | 20 | 439 | 12 | 263 | 1 | 19 | 52 | 975 |
| 2 | मणिपुर | 13 | 254 | 19 | 425 | - | - | - | - | 32 | 679 |
| 3 | नगालैंड | 10 | 233 | 15 | 312 | 3 | 45 | - | - | 28 | 589 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 9 | 165 | 11 | 258 | - | - | - | - | 20 | 423 |
| 5 | मेघालय | 10 | 216 | 1 | 12 | 6 | 91 | - | - | 17 | 318 |
| 6 | त्रिपुरा | 4 | 50 | 5 | 71 | 5 | 144 | - | - | 14 | 265 |
| 7 | मिजोरम | 10 | 267 | 4 | 142 | - | - | - | - | 14 | 410 |
| 8 | सिक्किम | 3 | 50 | 10 | 147 | - | - | - | - | 13 | 197 |

*****